अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2018
# (हिन्दी)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** मानक हिन्दी का मूल आधार कौन-सी बोली है- **(1)**

(A) ब्रजभाषा (B) उर्दू

(C) खड़ी बोली (D) हिन्दुस्तानी

**2.** दिये गये विकल्प में कौन सरस्वती का पर्यायवाची नहीं है- **(1)**

(A) भारती (B) वीणापाणि

(C) शारदा (D) भार्गवी

**3.** भिक्षुक में प्रत्यय है- **(1)**

(A) उक (B) इक

(C) अक (D) उत

**4.** लघु शब्द का विपरीतार्थक है- **(1)**

(A) महान (B) विशाल

(C) दीर्घ (D) उत्तम

**5.** पूरब और उत्तर के बीच की दिशा कहलाती है- **(1)**

(A) वातायन (B) ईशान

(C) वायव्य (D) क्षितिज

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** 'कोकिल' एवं 'कूप' शब्द का तद्भव शब्द लिखिए। **(1)**

**7.** 'प्र' और 'सु' उपसर्ग लगाकर दो-दो शब्द लिखिए। **(1)**

**8.** समुद्र शब्द के चार पर्यायवाची शब्द लिखिए। **(1)**

**9.** एकदन्त एवं नीलकमल में प्रयुक्त समास के नाम बताइए। **(1)**

**10.** "खाने के दाँत और दिखाने के और" कहावत का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए। **(1)**

**11.** "कांकर-पाथर जोरि के मस्जिद लगी बनाय । ता चढ़ि मुल्ला बाँग दे क्या बहरा हुआ खुदाय ।।" इस पंक्ति के रचयिता कौन है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** वियोग श्रृंगार का कोई एक उदाहरण दीजिए। **(2)**

**13.** संयुक्त वाक्य किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए। **(2)**

**14.** किसी एक राष्ट्रीय पर्व पर अपने शब्दों में स्वतंत्र अभिव्यक्ति प्रस्तुत कीजिए। **(2)**

**15.** प्रश्न सूचक चिह्न का प्रयोग कब किया जाता है? दो उदाहरण भी लिखिए। **(2)**

**16.** भाषा शिक्षण में प्रयुक्त होने वाले श्रव्य एवं दृश्य सहायक सामग्री की उपयोगिता क्या है? **(2)**

**17.** क्रिया किसे कहते हैं? उसके दो उदाहरण लिखिए। **(2)**

**18.** उपसर्ग एवं प्रत्यय में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/hindi/2018

2. हिन्दी का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/hindi/

3. हिन्दी के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/hindi/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN